## एआई स्मार्ट कैमरों के बाजार में निरंतर वृद्धि

**नई दिल्ली।** पुणे स्थित इंडेएआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एज कंप्यूटिंग में अग्रणी के रूप में उभरा है, जो अपने अभिनव AI-संचालित समाधानों के साथ उद्योगों को बदल रहा है। रश्मी कुलकर्णी, सह-संस्थापक और निदेशक, वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में‚ढ्ढ की भूमिका में क्रांतिकारी बदलाव लाने के दृष्टिकोण के साथ इन प्रयासों का नेतृत्व कर रही हैं।




उनके नेतृत्व में, कंपनी अत्याधुनिक AI-संचालित मोबाइल कैमरा ऐप और स्मार्ट समाधान विकसित करती है, जो सुरक्षा, दक्षता और स्वचालन को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। I/UX की प्रमुख के रूप में, वह सुनिश्चित करती हैं कि प्रत्येक उत्पाद उपयोगकर्ता को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया हो, जो सहज और आकर्षक अनुभव प्रदान करता हो। नवाचार के लिए रश्मी का जुनून उन्हें स्मार्ट सुरक्षा प्रणालियों से लेकर उन्नत‚ढ्ढ ऐप एकीकरण तक ‚ढ्ढ द्वारा प्राप्त की जा सकने वाली सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। उनके नेतृत्व में, इंडेएआई न केवल बेहतर तकनीकें बना रहा है, बल्कि बुद्धिमान, उपयोगकर्ता-अनुकूल समाधानों के भविष्य को भी नया रूप दे रहा है। यह कहते हुए कि एआई-संचालित कैमरों और विभिन्न मुद्दों के वास्तविक समय के समाधान खोजने के लिए स्मार्ट समाधानों के लिए विकास की बहुत बड़ी गुंजाइश है, रश्मी ने बताया कि एज एआई स्मार्ट कैमरों के साथ, उनकी एआई तकनीक सुरक्षा और निगरानी के मुद्दों को संबोधित करती है।

## चंडीगढ़ में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंची, एक्यूआई 427 दर्ज किया गया

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में बृहस्पतिवार को देश में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई और इस मौसम में पहली बार क्षेत्र का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में भी वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' और 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर ऐप के अनुसार चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 427 दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, चंडीगढ़ की वायु गुणवत्ता दिल्ली से भी खराब थी, जहां दोपहर 12 बजे एक्यूआई 424 दर्ज किया गया। चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से सभी स्कूलों को बंद करने पर विचार करने का आग्रह किया। पिछले कुछ दिनों से केंद्र शासित प्रदेश की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है।

## उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बस पलटी, 25 लोग घायल

**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले में मजदूरों को ले जा रही एक बस बृहस्पतिवार को सड़क किनारे एक गड्ढे में पलटी गई जिससे 25 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घुंघचाई पुलिस थाना के प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि बस बरेली जिले के नवाबगंज और आसपास के गांवों से लगभग 60 श्रमिकों को बिहार के एक भट्ठे पर ले जा रही थी। बलरामपुर चौकी के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में करीब 25 लोग घायल हो गए और रुखसाना तथा जन्नती बेगम की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाकी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर और निजी अस्पतालों में हो रहा है।

## उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोकशी का आरोपी घायल

**मेरठ (उप्र)।** मेरठ के मवाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोकशी का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार की है। मवाना पुलिस थाने के प्रभारी राजेश कुमार कंबोज ने बताया कि पुलिस जब आमिर से गोकशी में इस्तेमाल होने वाले सजो सामान बरामद कर रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश में उप निरीक्षक की पिस्तौल छीनने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ''जैसे ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, आमिर ने उन पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के एक पैर में गोली लग गई।'' थाना प्रभारी ने बताया कि आमिर को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सबरीमला तीर्थयात्रा- एरुमेली में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक केंद्र

**कोट्टायम।** केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने बुधवार को एरुमेली के चेरियाम्बलम में हाउसिंग बोर्ड के तहत साबरीमला तीर्थयात्रा सत्र के लिए एक नई वाहन पार्किंग सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साबरीमला यात्रा के समापन के बाद एरुमेली में एक कन्वेंशन सेंटर सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक धार्मिक केंद्र बनाया जाएगा। मंत्री के अनुसार पार्किंग क्षेत्र के दोनों ओर सड़क की मरम्मत के लिए बाढ़ राहत कोष से 20 लाख रुपये अतिरिक्त आवंटित किए जाएंगे।

# सुनील जाखड़ ने हरियाणा विधानसभा के लिए जमीन आवंटन का किया विरोध

**चंडीगढ़ /एजेंसी।**

पंजाब भाजपा प्रमुख सुनील जाखड़ ने गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में हरियाणा को अपना विधानसभा परिसर बनाने के लिए 10 एकड़ जमीन आवंटित करने के केंद्र के कदम का विरोध किया और इसे रद्द करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में जाखड़ ने कहा कि जमीन आवंटित करने का केंद्र का कदम पंजाबियों को भावनात्मक रूप से आहत करेगा क्योंकि पंजाब की राजधानी होने के नाते चंडीगढ़ महज जमीन का एक टुकड़ा नहीं है। यह राज्य के लोगों के लिए गहरी भावना का विषय है। जाखड़ ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में राज्य को मिले घावों को भरने के लिए कई प्रयास किए हैं। हरियाणा के लिए भूमि



आवंटित करने का कदम पंजाब की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ऊपर उठाने के पीएम के प्रयासों को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा मानना ??है कि पंजाब के साथ अपने मजबूत संबंध बनाए रखने के लिए केंद्र को एक अलग विधानसभा (हरियाणा को) के लिए जमीन आवंटित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। मैं प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने और इस निर्णय को रद्द करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर पंजाब की सभी पार्टियां एकमत हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवंत मान की गलतफहमी के कारण पंजाब का दावा कमजोर हो गया है। जाखड़ ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में राज्य को मिले घावों को भरने के लिए कई प्रयास किए हैं। हरियाणा के लिए भूमि आवंटित करने का कदम पंजाब की धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ऊपर उठाने के पीएम के प्रयासों को नुकसान पहुंचाएगा। जाखड़ ने कहा कि जयपुर में नॉर्थ जोनल काउंसिल की बैठक में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने हरियाणा ने अपनी विधानसभा के लिए यह जमीन मांगी तो इसका विरोध करने की बजाय इसका विरोध करने के बजाय पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की विधानसभा के लिए भी जमीन मांग कर हरियाणा की मांग पर अपनी मुहर लगा दी।

## पारले एग्रो ने लॉन्च किया स्मूथ लस्सी

**नई दिल्ली।** पारले एग्रो, जिसे भारतीय बेवरेज मार्केट में इनोवेशन के लिए जाना जाता है ने अपने बढ़ते हुए डेयरी पोर्टफोलियो में एक नया प्रोडक्ट स्मूथ लस्सी लॉन्च किया है, जो एक बार फिर भारतीय डेयरी कैटेगरी को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। इस रोमांचक लॉन्च का सपोर्ट एक बहुत बड़े मल्टी-चैनल कैंपेन द्वारा किया गया जो लस्सी की कैटेगरी में अब तक का सबसे बड़ा कैंपेन है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर वरुण धवन भी शामिल हैं। पारले एग्रो की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर नादिया चौहान ने स्मूथ लस्सी के लॉन्च पर बताया कि लस्सी एक ऐसा बेवरेज है जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और इसकी बाजार में अच्छी संभावनाएं हैं। स्मूथ लस्सी इस क्लासिक बेवरेज पर हमारी एक इनोवेटिव पहल है, जो एक प्रीमियम, मलाईदार और मजेदार प्रोडक्ट देता है जो परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से जोड़ता है। हमने गुणवत्ता और स्वाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पार करने के लिए स्मूथ लस्सी को सावधानीपूर्वक तैयार किया है। वरुण धवन के साथ हमारा कैंपेन उपभोक्ताओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे भीड़ भरे




लस्सी बाजार में स्मूथ लस्सी को एक बेहतरीन विकल्प के रूप में पेश किया जा सके। इस दृष्टिकोण के साथ हमारा लक्ष्य प्रोडक्ट की विजिबिलिटी को बढ़ाना और बेवरेज में इनोवेशन की अपनी लीडरशिप को मजबूत करना है। स्मूथ लस्सी को पेश करना पारले एग्रो का एक योजना के अनुसार उठाया गया कदम है जिसका उद्देश्य भारत में 3000 करोड़ रुपये से अधिक के जरूरी और बड़े पैमाने पर बिखरे हुए लूज लस्सी बाजार आंतरिक अनुमानों के अनुसार का लाभ उठाते हुए इस बेवरेज के इंडस्ट्री मानकों को ऊपर उठाना है। जबकि अनपैकेज्ड लस्सी की कैटेगरी बहुत बड़ी है, पैकेज्ड सेगमेंट में राष्ट्रीय स्तर पर कोई खास कंपनी मौजूद नहीं हैं।

## लघु फिल्मों के बाद ज्ञानलक्ष्मी प्रोडक्शन ने म्यूजिक एल्बम की दुनिया में कदम रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक रीगल सिनेमा में आज ज्ञानलक्ष्मी प्रोडक्शन ने रब मेरा' गाने को मिली अपार सफलता पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। गौरतलब है की रब मेरा' गाने ने मात्र एक सप्ताह में ही बाईस लाख से अधिक लोगों से अधिक दिलों को छू लिया है। इस गाने को इसी माह की दो तारीख को रिलीज किया गया था. पिता-पुत्र के भावनात्मक प्रेम पर आधारित इस गाने में 7 वर्षीय मो. मुजतबा ने पुत्र की शानदार भूमिका निभाई है और दानिश अली ने पिता की। इस गाने के निर्माता निदेशक रणवीर गहलोत है और सहनिर्माता मोहम्मद मुर्तज़ा हैं। इस एल्बम के डायरेक्टर गुरूदेव के अनेजा हैं और तकनीकी निदेशक मुकेश टम्टा हैं। ज्ञानलक्ष्मी प्रोडक्शन ने शार्ट फिल्मों से अपनी यात्रा शुरू की। देश बदल रहा है', वामांगी', अर्धांगिनी' आदि लघु फिल्में रिलीज की गईं। इसके बाद सन 2019 में धारा 370 पर आधारित एक सीरीज सीक्रेट फाइल रॉ ऑफिसर आर.के.यादव रिलीज की गई, जिसे अभूतपूर्व सफलता मिली। लघु फिल्मों के बाद ज्ञानलक्ष्मी प्रोडक्शन ने म्यूजिक एल्बम की दुनिया में कदम रखा। मोहब्बत के अलफ़ाज, चंगे लोग, गुस्ताखियाँ, भुला सको तो कहो




और अब रब मेरा जैसे गाने रिलीज किए गए हैं। इस अवसर पर जहां एक और पेपरस्टोन म्यूजिक के निदेशक वाइन अरोड़ा, रीगल सिनेमा के मालिक विशाल चौधरी, चैतन्य चौधरी, रीगल बिल्डिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मलिक, ओबीसी कमेटी दिल्ली सरकार के माननीय सदस्य मनीष यादव के साथ-साथ कई गणमान्य लोग मौजूद था।

# भारत में पहली बार अपोलो अस्पताल में 75 साल की मरीज के दिल पर लगा लीडलेस पेसमेकर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में नई सफलता हासिल की है। भारत में पहली बार एक मरीज में लीडलेस पेसमेकर का प्रत्यारोपण हुआ है जो न सिर्फ मरीज के संक्रमण का जोखिम कम करता है बल्कि इसे आसानी से हटाया भी जा सकता है। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के क्लिनिकल लीड और कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी में एक प्रतिष्ठित अग्रणी डॉ. वनिता अरोड़ा ने यह सफलता हासिल की है। इनका कहना है कि यह भारत में हृदय देखभाल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत है। डॉक्टरों का कहना है कि इस पहले सफल प्रत्यारोपण के साथ भारतीय कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता पेसमेकर प्रौद्योगिकी में एक



छलांग का प्रतिनिधित्व कर रही है और हृदय ताल प्रबंधन की आवश्यकता वाले मरीजों खासतौर पर जिन्हें संक्रमण का जोखिम बहुत ज्यादा हो सकता है, उनमें एक नई आशा भी लेकर आई है। डॉ. वनिता अरोड़ा ने बताया कि इनोवेटिव लीडलेस पेसमेकर को एक ट्रांसवेनस यानी कैथेटर-आधारित प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्यारोपित किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि पारंपरिक सर्जिकल चीरा की आवश्यकता खत्म हो गई और उसकी वजह से होने वाला उच्च जोखिम और संक्रमण का खतरा भी कम हो गया। जानकारी के अनुसार, एबॉट कंपनी ने कुछ ही समय पहले एक लीडलेस पेसमेकर लॉन्च किया जो धीमी हृदय गति के उपचार में प्रत्यारोपित होता है।इसे एवियर वीआर के नाम से जानते हैं जिसमें प्रत्यारोपित होने से पहले स्थिति का आकलन करने की मैपिंग क्षमता है। अन्य की तुलना में इसकी बैटरी लाइफ भी अधिक है। डॉ. वनिता अरोड़ा ने बताया कि एक 75 वर्षीय महिला मरीज में इसका प्रत्यारोपण किया गया जो थकान, ऊर्जा की हानि और प्रीसिंकोप से परेशान थीं। चिकित्सा जांच के बाद मरीज में सिक साइनस सिंड्रोम का पता चला। यह एक ऐसी चिकित्सा स्थिति है जहां हृदय का प्राकृतिक पेसमेकर उम्र के साथ खराब हो जाता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप के अलावा बार-बार मूत्र पथ के संक्रमण के चलते मरीज को पारंपरिक पेसमेकर सर्जरी से संबंधित जटिलताओं का उच्च जोखिम भी था। ऐसे में डॉक्टर ने एवियर वीआर लीडलेस पेसमेकर के साथ एक न्यूनतम इनवेसिव और ट्रांसवेनस प्रक्रिया के जरिए सफलता हासिल की।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, नई दिल्ली – 110001

No. 2024/ Track-III/ MC/2 New Delhi, dt.13.11.2024

ई–टेंडर नं. TM-2401 रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से "रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव" के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे विवरण निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाए।

(राजीव कुमार तंवर)
कार्यकारी निदेशक रेलपथ (आधुनिकीकरण)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष 011–47845530
ईमेलः rajiv.tanwar@gov.in

3526/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भारतीय सीनियर लिविंग हाउसिंग सेक्टर 2030 तक 7.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार होगा

**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर यानि बुजुर्गों की आबादी, जिसे साठ वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति के रूप में माना गया है, तेजी से बढ़ रही है और सीनियर लिविंग हाउसिंग के लिए एक बड़ा बाजार भी तैयार कर रही है। एक अनुमान के अनुसार साल 2024 में सीनियर सिटीजंस की आबादी 156.7 मिलियन से बढ़कर 2050 तक 346 मिलियन तक दोगुनी से अधिक हो जाएगी। बुजुर्गों की आबादी में आ रहा ये बदलाव भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बुजुर्ग आबादी का घर बना देगा, जो कई बड़ी और महत्वपूर्ण चुनौतियों के साथ-साथ कई सारे नए अवसर भी पैदा करेगा। इन अवसरों में सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज के इस तेजी से बढ़ते हुए वर्ग के लिए




बेहतर सुविधाओं को जुटाया जाए ताकि उनकी जिंदगी में बेहतरी बनी रहे और वे बढ़ती उम्र के साथ एक बेहतर जिंदगी भी जी सकें। इसी सब को देखते हुए, एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया (एएसएलआई) एक लैंडमार्क इवेंट की मेजबानी करने जा रहा है, जो भारत के तेजी से उभरते सीनियर केयर सेक्टर को नया रूप दे सकता है, जिसे अक्सर सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाना जाता है। 6 दिसंबर, 2024 को बैंगलोर में होने वाला 5वां एएसएलआई एजिंग फेस्ट इस महत्वपूर्ण सवाल के उत्तर खोजने का प्रयास करेगा कि क्या भारत का सीनियर केयर सेक्टर तेजी से उड़ान भरने के लिए तैयार है? श्री रजित मेहता, चेयरमैन, एएसएलआई, एमडी और सीईओ, अंतरा सीनियर केयर ने कहा कि भारत में सीनियर सिटीजंस की आबादी 2050 तक 300 मिलियन (30 करोड़) से अधिक होने का अनुमान है, जो कुल आबादी का लगभग 20 प्रतिशत है, ऐसे में बुजुर्ग आबादी की हर तरह से देखभाल के लिए अलग अलग सर्विसेज की मांग में काफी तेजी से बढ़ोतरी होने वाली है। वर्तमान में भारत के केवल 5 प्रतिशत बुजुर्गों के पास इंस्टीट्यूशनल केयर की सुविधा उपलब्ध है, और आधे से अधिक बिना किसी सोशल सिक्योरिटी के जी रहे हैं।

## जम्मू कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों के सहयोगी की संपत्ति जब्त की गई

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए बृहस्पतिवार को सोपोर इलाके में एक करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया, 'पुलिस ने बोमई क्षेत्र के रशीदाबाद में आतंकवादियों के एक सहयोगी आमिर राशिद लोन के दो मंजिला मकान को जब्त किया और साथ ही उसकी 15 मरला (4080 वर्ग फीट) जमीन भी जब्त कर ली गई। उन्होंने कहा कि यह जब्ती गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 25 के तहत सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद की गई। प्रवक्ता ने कहा कि संपत्ति की जब्ती आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थकों को आर्थिक एवं सैन्य सहायता रोकने के लिए जारी प्रयासों के तहत की गई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं0ः 11620242025 दिनांकः 11.11.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.12.2024 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.ः** 243 | **अनुमानित मूल्य (रू.)ः** ₹ 8376559.16 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजीनियर/अलीगढ़ के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/रेल पथ/दादरी के खण्ड में चौथी लाइन चिपियाना-दादरी का वार्षिक रखरखाव। | |
| **बयाने की रकम (रू) :** ₹ 167500.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि : 04.12.2024** | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार :** रेल पथ का कोई कार्य। | |

**बिड कैपेसिटी की आवश्यकता नहीं है। नोटः- (1)** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 04.12.2024 समय 13:30 बजे** तक उपलब्ध है। **(3)** उपर्युक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(4)** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(5)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(6)** निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **1972/24 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## यूपीवीसी ऐजबैण्ड : फर्नीचर इंडस्ट्री में ला रहा नए बदलाव

**नई दिल्ली।** अभी हाल ही तक भारत की फर्नीचर इंडस्ट्री में ऐजबैण्ड को कुछ खास पहचान नहीं मिली थी, लेकिन तभी एचपीएल निर्माताओं को लेमिनेट्स के लिए मैचिंग ऐजेज़ की ज़रूरत महसूस होने लगी। जब उन्हें लगा कि उन्हें लेमिनट्स के लिए मैचिंग ऐजेज़ मिलना मुश्किल हो रहा है, तब उन्हें ऐजबैंडिंग का महत्व समझ आया। डिस्ट्रीब्यूटर हो या कारपेंटर, इंटीरियर डिज़ाइनर या आर्कीटेक्ट्स- आज के दौर में सभी अपने आप को अपग्रेड कर रहे हैं, मार्केट को ध्यान में रखते हुए अपने आप में बदलाव ला रहे हैं। वे अपने प्रोडक्ट्स में गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान देते हैं। इस बीच 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी गति मिली है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आने वाले सालों में ऐजबैंडिंग का मार्केट तेज़ी से विकसित होगा, इसमें 15 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ोतरी की संभावना है। क्योंकि मार्केट में ऐसे प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है जो न सिर्फ फर्नीचर को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि इसे देखने में भी अधिक आकर्षक बनाते हैं।यूपीवीसी ऐजबैण्ड मटीरियल की एक स्ट्रिप होती है, जिसे फर्नीचर के ऐज यानि किनारे पर लगाया जाता है, यह रफ या अनफिनिश्ड सरफेस को कवर कर देती है। यूपीवीसी ऐजबैण्ड लगाने से फर्नीचर की सरफेस स्मूद हो जाती है, साथ ही यह देखने में भी अधिक आकर्षक लगता है। मार्केट में कई तरह के ऐजबैण्ड्स उपलब्ध है, इन सब के बीच रेहाउ राउकांटेक्स, गेम-चेंजर साबित हुआ है। जो इंटीरियर डिज़ाइनरों, आर्कीटेक्ट्स और घर के मालिकों- सभी की पहली पसंद बन गया है। इसके खास फीचर्स के चलते फर्नीचर का काम जल्दी पूरा होता है। रेहाउ राउकांटेक्स ने पिछले 50 सालों से दुनिया भर में इनोवेशन लाते हुए ग्राहकों का भरोसा जीता है। यह प्रोडक्ट खरोंच एवं अन्य बाहरी नुकसान से फर्नीचर को सुरक्षित रखता है और इसे अधिक टिकाउ बनाता है। इसके अलावा एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल और नॉन-टॉक्सिक गुणों के चलते यह मार्केट में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में कहीं बेहतर है। पर्यावरण के अनुकूल यह प्रोडक्ट नॉन-टॉक्सिक है और हाइजीनिक भी। इसका डीओपी फ्री फॉर्मूला और एंटी-बैक्टीरियल एवं एंटी-फंगल फीचर्स इसे प्रैक्टिकल बनाते हैं। रेहाउ की प्रोडक्ट रेंज में एबीएस, पीएमएमए, पीपी से लेकर विनीर तक व्यापक रेंज शामिल है, जो फर्नीचर के डिज़ाइन को बेहद आकर्षक बना देती है। राउकांटेक्स के ऐजबैण्ड यूज़र गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता किए बिना बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा इनका कलर समय के साथ फीका नहीं पड़ता। ऐसे में सालों-साल फर्नीचर को आकर्षक बनाए रखते हैं। इन यूपीवीसी ऐजबैण्ड्स का सबसे बड़ा फायदा यह है कि ये इस्तेमाल में आसान हैं। इन्हें बड़ी आसानी से और कम समय में लगाया जा सकता है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इस तरह फर्नीचर निर्माता फर्नीचर के लुक से समझौता किए बिना बहुत कम समय में बेहतरीन गुणवत्ता का फर्नीचर तैयार कर लेते हैं। ब्राण्ड की प्रॉपराइटरी ज़ीरो-जॉइन्ट ऐजबैण्ड रेंज एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई है।

REHAU


**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 98, 99, 100 - 2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **98)** ADEN/JHI के तहत SSE/Pway/JHI के अनुभाग में NRW यार्ड में 2 WCMS (12 में 1) के साथ 01 डायमंड क्रॉसिंग (2 तीव्र और 2 अधिक) का नवीनीकरण। विशेष लेआउट–88 संख्या) **कार्य की समान प्रकृति** 1. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को सभी फिटिंग सहित सीएमएस, गैर–मानक वेल्डेबल डायमंड एक्सिंग का डिजाइन, विनिर्माण और आपूर्ति। और 2. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को वेल्डेबल सीएमएस एक्सिंग्स का विनिर्माण और आपूर्ति। **नोटः** (i) उपरोक्त एसएन–1 का कम से कम एक कार्य पूरा होना अनिवार्य है। (ii) पूर्ण किए गए समान कार्यों के वित्तीय मूल्य की आवश्यकता उपरोक्त एसएन–1 या 2 द्वारा पूरी की जा सकती है। |
| | | **99)** किमी पर सेस की मरम्मत 21/0-22/0, 27/0-28/0, 33/7-34/16, 37/5-38/0, 38/12-40/0, 41/5-42/0, 42/0-47/5, 49/3-51/5, 53/0-54/0 और 67/5-69/1 और आरओके–पीएनपी अनुभाग पर विभिन्न स्थानों पर बैलास्ट रिटेनर का प्रावधान, **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | **100)** एसएसई/डब्ल्यू/जेएचआई के तहत शाखा लाइन जेएचआई–एसएनपी अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवन के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | **98)** रुपये 19325649.56 **99)** रुपये 37985525.79 **100)** रुपये 4999943.75 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट : रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई –आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **98)** रुपये 246600.00 **99)** रुपये 339900.00 **100)** रुपये 100000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **98)** 06 महीने **98)** 06 महीने **100)** 12 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 06.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 06.12.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/98, 99, 100, Date : 14.11.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3538/24**



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/कुरुक्षेत्र के अनुभाग में नरवाना–कुरुक्षेत्र–एनआरडब्ल्यू–केकेडीई खंड पर पुल संख्या 6, 17, 19, 20, 22, 24, 27, (आरसीसी स्लैब ब्रिज) और 62 (आर्क ब्रिज) का पुनर्निर्माण। |
| **अनुमानित लागत** | रु.23647127.49/- |
| **धरोहर राशि** | रु.268200/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान **gate way** के रूप में होना चाहिए। **नोटः** एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| **समापन अवधी** | 06 महीने |
| **ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय** | 06.12.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 06.12.2024 को 15:00 बजे |
| **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| **सामान प्रकार के कार्य** | पाइप और बॉक्स पुशिंग तकनीक/भूमिगत केबल/पाइप लाइन आदि को पार करने के साथ पुलों का निर्माण। |

**नोटः** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तो के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

**पत्र संख्या : 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू–I (NIT-52)**
**दिनांकः 14.11.2024** 3542/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ